आत्मनिर्भर भारत समिट में डिजिटिल गवर्नेंस के लिये मिला इनोवेशन अवार्ड

चर्चा में क्यों?

27 मई, 2022 को आत्मनिर्भर भारत समिट में छत्तीसगढ़ को डिजिटिल गवर्नेंस के लिये इलेट्स इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में आयोजित समारोह में समाज कल्याण विभाग को यह अवार्ड 'एनजीओ पंजीकरण को कंप्यूटरीकृत करने और मान्यता और अनुदान' की प्रक्रिया ऑनलाइन करने के लिये दिया गया है।
- इलेट्स टेक्नो इंडिया के सीईओ डॉ. रविगुप्ता ने यह अवार्ड छत्तीसगढ़ राज्य के समाज कल्याण विभाग के संचालक पी. दयानंद को प्रदान किया।
- समाज कल्याण विभाग के संचालक पी. दयानंद ने बताया कि समाज कल्याण विभाग ने ज़रूरतमंदों की मदद के लिये हर संभव प्रयास किया। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ में एनजीओ मान्यता और अनुदान की प्रक्रिया ऑनलाइन करने से ज़रूरतमंद लोगों तक आसानी से सहायता पहुँचाई जा सकी।
- विभाग द्वारा एनजीओ मान्यता और अनुदान के लिये आवेदन की मैन्युअल प्रक्रिया को डिजिटिल में बदलते हुए पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है।
- विभाग ने अटैचमेंट के साथ सभी आवश्यक डेटा को अनुकूलित तरीके से संधारित किया है, जिसे हितधारक एनजीओ, डीडीओ, कलेक्टर, निदेशालय, सचिवालय और मंत्री सभी उपयोगकर्त्ता देख सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/innovation-award-for-digital-governance-at-self-reliant-india-summit